# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

**जनपद मुजफ्फरनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में दिनॉक 09.05.2024 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृतः-**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों एवं फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

1. श्री अरविन्द मलप्पा बंगारी, जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
2. श्री संदीप भागिया, मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
3. श्री संजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
4. श्री अंकित कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
5. श्री शमीम अहमद, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
6. श्री मनेन्द्र कुमार, डिस्ट्रीक्ट कॉर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
7. मौ0 इमरान, आई0एस0ए0 समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
8. श्री यगन कुमार, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मुजफ्फरनगर।
9. श्री मांगेराम प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0)।
10. श्री विपिन वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
11. श्री राजेश कुमार पाण्डेय, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।
12. मौ0 इमरान अहमद, आई0एस0ए0, भारतीय महिला एवं बाल विकास शोध संस्थान।
13. श्री पवन शर्मा, आई0एस0ए0, हॉप एण्ड केयर फाउन्डेशन।
14. श्री राजेश कुमार, आई0एस0ए0, सोशल एक्शन फॉर रूरल डेवलेपमेन्ट एण्ड एडवान्समेन्ट।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यो पर प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनॉक 09.05.2024 को विकास भवन सभागार में विभागीय अधिकारियो, सम्बन्धित फर्मो, डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0 एवं आई0एस0ए0 एजेन्सियो के साथ बैठक सम्पन्न की गई, जिसमें उनके द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिये गयेः-

1- **मै0 जे0एम0सी0**-एल0सी0इ0एस0पी0एल0**(जे0वी0), मुम्बई** की स्वीकृत 215 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 205 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक 203 ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 187 योजनाओ में 1173.13 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 109780 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है। 167 नग योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्वीकृत 166 नग योजनाओ के सापेक्ष सभी सोलर पैनल उपलब्ध है एवं जिनमें से 96 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है। फर्म के पास 49 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक मात्र 18 योजनाओ के विद्युत कनेक्शन ही कराये गये है। उपलब्ध 216 नग मोटर पम्प के सापेक्ष 144 नग मोटर पम्प अधिष्ठापित कर दिये गये है। फर्म द्वारा 216 अवर जलाशय के सापेक्ष 190 योजनाओ पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है एवं वर्तमान तक मात्र 28 अवर जलाशय का निर्माण कार्य ही पूर्ण किया गया है। फर्म को अवर जलाशय निर्माण एवं रोड रेस्टोरेशन हेतु 910 मैनपावर की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 530 मैनपावर से निर्माण कार्य कराये जा रहे है। इस प्रकार 380 नग मैनपॉवर कम है। पर्याप्त मैनपॉवर उपलब्ध न **होने के कारण योजनाओ को दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कराया जाना संभव नही हो पायेगा।** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा 12 योजनाओ पर अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति

प्रारम्भ की गई है एवं 05 योजनाओ पर हर घर जल प्रमाणीकरण करा दिया गया है। इस सम्बन्ध में फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि इन 05 योजनाओ के अतिरिक्त माह मई-2024 में 10 योजनाओ का हर घर जल प्रमाणीकरण करा दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधोहस्ताक्षरी को निर्देश दिये गये कि जिन 05 योजनाओ का हर घर जल प्रमाणीकरण कराया गया है, उन ग्रामो को विकास खण्ड स्तर पर टीम गठित कर जाँच कराना सुनिश्चित करे। **जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि यदि सम्बन्धित फर्म द्वारा अगले 15 दिनो में निर्माण कार्यो में वांछित प्रगति नही लायी जाती है तो अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा फर्म के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट(FIR) दर्ज करायी जायेगी।** उक्त के सम्बन्ध में फर्म को चेतावनी पत्र जारी करे एवं अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को भी फर्म के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने हेतु पत्र जारी करे।

2- **मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0), हैदराबाद** की स्वीकृत 19 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 19 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक सभी ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 262.80 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 25570 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है, सभी 23 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्वीकृत 14 नग योजनाओ के सापेक्ष सभी सोलर पैनल उपलब्ध है एवं सभी 14 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है। फर्म के पास 05 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान सभी योजनाओ के विद्युत कनेक्शन करा लिये गये है। उपलब्ध 23 नग मोटर पम्प के सापेक्ष 23 नग मोटर पम्प अधिष्ठापित कर दिये गये है। सम्बन्धित फर्म को समस्त योजनाओ के कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराकर हर घर जल प्रमाणीकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

3- **मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0), नई दिल्ली** की स्वीकृत 109 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 95 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक 91 ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 88 योजनाओ में 717.96 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 66867 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है। 80 नग योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्वीकृत 60 नग योजनाओ के सापेक्ष 48 नग सोलर पैनल उपलब्ध है एवं जिनमें से 22 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है। फर्म के पास 49 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक कोई विद्युत कनेक्शन नही कराया गया है। उपलब्ध 110 नग मोटर पम्प के सापेक्ष 69 नग मोटर पम्प अधिष्ठापित कर दिये गये है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 110 अवर जलाशय के सापेक्ष 68 योजनाओ पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है एवं वर्तमान तक फर्म द्वारा किसी भी योजना का अवर जलाशय पूर्ण नही कराया गया है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अत्यन्त रोष व्यक्त किया गया। फर्म को अवर जलाशय निर्माण एवं रोड रेस्टोरेशन हेतु 820 मैनपावर की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 250 मैनपावर से निर्माण कार्य कराये जा रहे है। इस प्रकार 570 नग मैनपॉवर कम है। पर्याप्त मैनपॉवर उपलब्ध न होने के कारण योजनाओ को दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कराया जाना संभव नही हो पायेगा। फर्म द्वारा अधिकतर योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ करके अधूरे छोड दिये गये है, जिसके कारण माननीय जनप्रतिनिधियो एवं ग्रामवासियो द्वारा निरन्तर शिकायते प्राप्त हो रही है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया है कि 02 योजनाओ पर अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर इसी माह के अन्त तक हर घर

जल प्रमाणीकरण करा दिया जायेगा। **जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि यदि सम्बन्धित फर्म द्वारा अगले 15 दिनो में निर्माण कार्यो में वांछित प्रगति नही लायी जाती है तो अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा फर्म के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट(FIR) दर्ज करायी जायेगी।** उक्त के सम्बन्ध में फर्म को चेतावनी पत्र जारी करे एवं अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को भी फर्म के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने हेतु पत्र जारी करे।

उक्त के अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि समस्त जूनियर इंजीनियर एवं टी0पी0आई0 द्वारा फर्मो द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण निरन्तर कराना सुनिश्चित करे। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यो में गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा टी0पी0आई0 को सख्त निर्देश दिये गये कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम में सभी सरकारी भवनो में नल कनेक्शन उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराये। साथ ही पेयजल से सम्बन्धित सभी कार्य गुणवत्तापूर्वक एवं मानकानुसार कराये जाये। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि विकास खण्डवार माप पुस्तिका(एम0बी0) उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे ताकि किये गये कार्यो का सत्यापन जॉच टीम गठित कर कराया जा सके।

उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी (अध्यक्ष DWSM) द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि आई0एस0ए0 एजेन्सियो द्वारा भुगतान हेतु प्रस्तुत किये गये बिलो की पुनः जॉच विकास खण्डवार टीम गठित कर प्रत्येक विकास खण्ड से रेन्डमली एक-एक ग्राम की जॉच कराकर 02 दिनो के अन्दर जॉच आख्या उपलब्ध कराये।

(संदीप भागिया)
**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**मुजफ्फरनगर।**

मुख्य विकास अधिकारी
मुजफ्फरनगर

पृ0सं0 1392 / 731 / 237 दिनॉकः- 16-05-2024

**ई-मेल द्वारा**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को उक्त विषयक सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि फर्मो एवं सम्बन्धित अधिकारियो से सम्पर्क कर प्रगति लाना सुनिश्चित करे।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
5. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मुजफ्फरनगर।
6. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0)।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।
9. समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी।

**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**मुजफ्फरनगर।**